बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83 / 2020 8551 पटना, दिनांक :– 13/10/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका के पत्रांक 844 दिनांक 10.07.2023 द्वारा श्री कुमार गौरव, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04045) के विरूद्ध खानापुरी कार्य एक वर्ष की अवधि के बाद भी पूर्ण नहीं करने एवं स्पष्टीकरण में मनगंढ़त एवं भ्रामक तथ्य देने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5958 दिनांक 24.07.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया कि आरोपित द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं दिया गया है। विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत किए जाने वाले विभिन्न प्रक्रम के कार्य हेतु समय सीमा निर्धारित है। इनके द्वारा उक्त कार्य में घोर लापरवाही बरती गयी है, जिसके लिए इनको कठोर दंड अथवा संविदा मुक्त किया जाना उचित प्रतीत होता है ताकि अन्य विशेष सर्वेक्षण कर्मियों पर इसका कुप्रभाव न पड़े। परन्तु इनके द्वारा सर्वे कार्य में तीव्रता लाने का दिए गए आश्वासन एवं स्पष्टीकरण उल्लेखित तथ्यों पर सहानूभुति रखते हुए तत्काल इनका संविदा नियोजन समाप्त न कर कार्य में बरती गयी घोर लापरवाही के लिए 06 माह के मानदेय कटौती का दण्ड दिया जाता है।

साथ ही कार्य में तेजी लाने की चेतावनी दी जाती है एवं भविष्य में यदि इनके कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पायी जाएगी, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 12/10/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83 / 2020 8551 **पटना, दिनांक** :– 13/10/2023

प्रतिलिपि :– श्री कुमार गौरव, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04045), बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83 / 2020 8551 **पटना, दिनांक** :– 13/10/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83 / 2020 8551 **पटना, दिनांक** :– 13/10/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
12/10/23